हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शनिवार, 3 मई 2025

10 डीटीपी ने 2 मकानों, 34 डीपीसी पर चलाई जेसीबी



11 बहादुरगढ़ पहुंचे अभिलाष का किया अभिनंदन



## खबर संक्षेप

### पिस्तौल के बल पर बाइक छीनी, केस

**बहादुरगढ़।** सेक्टर-2 में एक प्रवासी युवक के साथ लूटपाट की वारदात हो गई। हथियार के बल पर तीन शातिरों ने उससे बाइक छीन ली। पीड़ित की शिकायत पर सेक्टर-6 थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात मनु के साथ हुई है। यूपी मूल का मनु यहां सेक्टर-7 में रहता है। मनु के मुताबिक, गत 28 अप्रैल की रात को वह ड्यूटी से लौट रहा था। जब साढ़े आठ बजे सेक्टर-2 के पास पहुंचा तो यहां एक युवक ने बाइक रुकवा ली। इसके बाद मेरे पेट पिस्तौल लगा दी। इसी दौरान उस युवक के दो साथी और आग गए। उन्होंने जबरन मुझसे बाइक छीन ली। जाते जाते कहने लगे कि दो घंटे बाद तुम्हारी बाइक मेट्रो स्टेशन के नीचे मिलेगी। इस के बाद उसने फोन करके अपने परिचितों को बुलाया। फिर पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मनु की शिकायत पर सेक्टर 6 थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बता दें कि बहादुरगढ़ में बीते कुछ दिनों से छीना झपटी की वारदातों में इजाफा हुआ है। हालांकि पुलिस द्वारा वारदातें सुलझाई भी जा रही हैं।

### 12 ग्राम गांजे सहित महिला गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** नशीला पदार्थ बेचने में महिलाएं भी पीछे नहीं हैं। स्थानीय पुलिस ने यहां नागरिक अस्पताल के नजदीक स्थित एक बस्ती से महिला को गांजे सहित गिरफ्तार किया है। महिला के खिलाफ सिटी थाने में केस दर्ज किया गया है। दरअसल, पुलिस को सूचना मिली थी कि अस्पताल के नजदीक बस्ती की निवासी एक महिला नशीला पदार्थ बेचती है। फिलहाल इसी मंशा से शिव मंदिर के पास मौजूद है। इस सूचना पर टीम वहां गई और महिला को काबू किया। राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में तलाशी लेने पर उसके पास से 12 ग्राम गांजा बरामद हुआ। महिला से पूछताछ की जा रही है।

### शहर में तीन जगह चोरी की वारदात

**बहादुरगढ़।** इलाके के निवासी तीन लोगों ने पुलिस को चोरी की शिकायत दी है। कहीं निर्माणधीन मकान से सामान चुराया गया है तो कहीं से वाहन उठाए गए हैं। शिकायतों के आधार पर संबंधित थानों की पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-7 के निवासी पारस का कहना है कि मकान के सामने से रात को किसी ने बिजली की तार के सात बंडल, एमसीबी बाक्स, स्विच, रेगुलेटर, ग्राइंडर मशीन व प्लंबर का सामान चुरा लिया। अपने स्तर पर जांच की लेकिन चोरों का कुछ पता नहीं चला। वहीं, केएलजे सोसाइटी के निवासी गोविंद का कहना है कि 30 अप्रैल को उसने बिल्डिंग के नीचे बाइक खड़ी की थी। एक मई को देखा तो बाइक नहीं मिली। जाखोदा के निवासी पप्पू राम का कहना है कि सेक्टर 17 स्थित एक कंपनी में काम करता है। कंपनी के बाहर बाइक खड़ी की थी। लंच समय में बाहर आया तो बाइक नहीं मिली। कोई अज्ञात शख्स चुरा ले गया है। इन शिकायतों पर सेक्टर 6 थाने में केस दर्ज हुए हैं।

### दादरी तोए में हाइड्रा क्रेनों से बैट्रियां चोरी

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव दादरी तोए स्थित कार्यालय परिसर में खड़ी हाइड्रा क्रेनों से बैट्रियां चोरी करने की वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस को दी शिकायत में महेंद्रगढ़ जिले के चेलावास निवासी संदीप पुत्र सुरेंद्र ने बताया कि उसने दादरी तोए गांव में क्रेन का कार्यालय किया हुआ है। बीती 30 अप्रैल की रात वह अपनी हाइड्रा क्रेनों को चेक करके सोया था। अगली सुबह जब उसने उठकर देखा तो उसकी 6 हाइड्रा क्रेनों में बैट्रियां नहीं मिली। उसने अपने कार्यालय में सीसीटीवी भी लगाए हुए हैं। जब उसने फुटेज चेक की तो उसने संदिग्ध व्यक्ति चोरी करते हुए दिखाई देते हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### अधिकतम व न्यूनतम तापमान में गिरावट

- बरसात के कारण शुक्रवार को अधिकतम तापमान 36 डिग्री व न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस रहा
- झज्जर में 62, बादली में 6, बेरी में 72, मातनहेल में 7 और में 8 एमएम बारिश दर्ज की गई। बहादुरगढ़ में 68 एमएम रिकॉर्ड हुई



बहादुरगढ़ के मांडोठी बाजार में भरा बरसाती पानी



झज्जर अनाज मंडी में भीगा गेहूं



झज्जर में हाल-बेहाल

# आफत बन कर बरसे बादल, सड़कें जलमग्न, बिजली आपूर्ति बाधित, अनाज मंडी में भीगा सैकड़ों क्विंटल गेहूं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार शुक्रवार सुबह तेज आंधी के साथ हुई झमाझम बरसात के कारण जनजीवन पूर्णतया प्रभावित हो गया। सड़कें जलमग्न हो गई, तेज हवाओं के कारण बिजली के खंभे व पेड़ गिर गए और अनाज मंडी परिसर में रखा सैकड़ों क्विंटल गेंहू भीग गया। जिसके कारण आढ़तियों को भारी नुकसान हुआ है। उधर, बारिश और तेज आंधी के कारण मौसम में ठंडक घुल गई और तापमान में गिरावट दर्ज की गई। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 36 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विशेषज्ञ आागमी दिनों में भी मौसम परिवर्तनशील रहने का अनुमान लगा रहे है। विभागीय जानकारी के अनुसार झज्जर में 62 एमएम, बादली में छह एमएम, बेरी में 72 एमएम, मातनहेल में सात एमएम और साल्हावास क्षेत्र में आठ एमएम बारिश दर्ज की गई।

### अनाज मंडी में पानी भरा

अलसुबह हुई तेज बरसात के कारण अनाज मंडी परिसर में दो से तीन फीट पानी भर गया। जिसके कारण गेहूं की भरी हुई बोरियां व खुले में पड़ा हुआ अनाज भीग गया। जिसके कारण आढ़तियों को भारी नुकसान हुआ है।

### आढ़तियों को नुकसान

अनाज मंडी एसोसिशन के प्रधान हरेंद्र सिलाना ने कहा कि अनाज मंडी में पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने कारण आढ़तियों को नुकसान हुआ है। प्रशासनिक अधिकारियों को बार-बार सूचित किए जाने के बाद भी कोई खास व्यवस्था नहीं की गई। जिसका खामियाजा आढ़तियों को भुगतना पड़ रहा है। वहीं अनाज मंडी एसोसिएशन के पूर्व प्रधान चांद पहलवान ने बताया कि उठान कार्य धीमी गति होने के कारण आढ़तियों को नुकसान हुआ है। अगर समय पर उठान हो जाता तो आढ़तियों को नुकसान नहीं होता।



झज्जर। बरसात के कारण शहीदी पार्क में गिरे पेड़।



झज्जर। आंधी के कारण गिरे बिजली के खंभे व पेड़।



बहादुरगढ़। सड़क पर भरे पानी में से गुजरती एक वैन।

### जलभराव बना मुसीबत, यातायात रहा प्रभावित



बरसात के कारण शहर की सड़कें पूर्णतया जलमग्न हो गई। स्थिति यह रही कि पुराना बस अड्डा रोड, पुराना बर्फखाना रोड, अंबेडकर चौक, सिलानी गेट, माता गेट, सीताराम गेट सहित तमाम स्थानों पर एक से डेढ़ फीट तक पानी भर गया। जिसके कारण जहां वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा, वहीं सुबह का समय होने के कारण नौकरी पेशा और स्कूल कॉलेज जाने वाले विद्यार्थियों को भी काफी दिक्कतें हुई।

### खंभे और पेड़ गिरने से बिजली रही गुल



तेज हवाओं के कारण बिजली के खंभे और पेड़ गिर गए। जिसके कारण जन-जीवन पूर्णतया प्रभावित हो गया। दिनभर बिजली आपूर्ति बाधित रही। जिसका असर जहां बाजार के कारोबार पर पड़ा, वहीं लोगों को रोजमर्रा के कार्य निपटाने में परेशानी हुई। बिजली निगम के कर्मचारी दिनभर बिजली आपूर्ति सुचारू करने में जुटे रहे। बताया जा रहा है कि तेज हवाओं और बारिश के कारण जिले भर में करीब एक सौ बिजली के खंभे और काफी संख्या में पेड़ गिरने का अनुमान है।

### नप चेयरमैन ने लिया निकासी का जायजा



दोपहर बाद नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी ने अपनी टीम के साथ शहर में जल निकासी के किए गए प्रबंधों का जायजा लिया और जलभराव वाले क्षेत्रों का भी दौरा किया। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को पानी निकासी की समुचित व्यवस्था करने और नालों की सफाई का कार्य तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान वार्ड पार्षद जयपाल सिंह, पार्षद यशपाल, पार्षद प्रतिनिधि बिट्टू छाबड़ा, पूर्व मंडल अध्यक्ष केशव सिंगल व अन्य मौजूद रहे।

## 68 एमएम बरसात में डूब गया बहादुरगढ़ का विकास

- हर जगह जलभराव से जूझते दिखे नागरिक, सड़कों पर हाल- बेहाल आंधी के बाद घंटों प्रभावित रही विद्युत आपूर्ति

**बहादुरगढ़।** देर रात आंधी के साथ आई बरसात बहादुरगढ़ में आफत बनकर बरसी। आंधी के कारण जहां कई स्थानों पर विद्युत लाइनों में फाल्ट आने से घंटों आपूर्ति ठप रही। वहीं बारिश से शहर के अधिकांश हिस्सों में जलभराव के कारण जहां विकास के सभी दावे डूबे नजर आए और लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। हालांकि दिन में निकली धूप के कारण उमस ने जीना मुहाल कर दिया। वीरवार रात को अचानक मौसम ने करवट ली और आसमान में बिजली चमकने लगी। कुछ ही समय में अचानक तेज आंधी शुरू हो गई और इसके बाद बारिश शुरू हो गई। तेज आंधी के चलते कई स्थानों पर होर्डिंग्स भरभराकर गिर गए। इनकी चपेट में आने से कई जगह तार भी टूट गए। इसके अलावा आंधी के चलते नगर और देहात क्षेत्रों में दर्जनों स्थानों पर विद्युत लाइनों में फाल्ट आ गया। जिससे शहर की अधिकांश कॉलोनियों और देहात क्षेत्र के दर्जनों गांवों की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई।



आंधी-बरसात के बंद होते ही बिजलीकर्मी फाल्टों को ठीक करने में जुट गए। उन्होंने कुछ स्थानों पर चंद घंटों में ही बिजली आपूर्ति सुचारू कर दी, लेकिन कुछ स्थानों पर दोपहर तक आपूर्ति सुचारू हो पाई। शुक्रवार अलसुबह हुई 68 एमएम बरसात ने शासन और प्रशासन के विकास से लबरेज दावों को झूठा साबित कर दिया। आंधी के बाद आई बारिश से सड़कों पर जलभराव हो गया।

### धारौली की निधि हत्या मामले में पुलिस का सनसनीखेज खुलासा
### आरोपी पांच दिन के पुलिस रिमांड पर

# शादी करने से इनकार करने पर बड़ी बहन के जेठ ने आग लगाकर मारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

- पकड़े गए आरोपी की पहचान नरेंद्र निवासी धुड़कावास जिला रेवाड़ी में की गई

क्षेत्र के गांव धारौली स्थित एक मकान में आग लगने से झुलसी महिला की मौत मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। मृतका हिमांशु उर्फ निधि की बड़ी बहन कोमल के जेठ ने इस हत्या की वारदात को अंजाम दिया था। थाना प्रबंधक साल्हावास प्रभारी दिलबाग ने बताया कि बीती 28 अप्रैल पुलिस को राजकुमार निवासी धारौली ने शिकायत देते हुए बताया कि मेरा चाचा अजीत पुत्र मांगेराम जिसकी दो बेटियां हैं बड़ी लड़की कोमल है जो शादीशुदा है जो अपनी छोटी बहन हिमांशु उर्फ निधि के साथ अपने पिता के घर धारौली गांव में रहती है।



झज्जर। पकड़ा गया आरोपी पुलिस टीम के साथ। (इनसेट में) निधि का फाइल फोटो।

हिमांशु और कोमल 27 अप्रैल की रात को घर में सोई हुई थी तब अचानक घर में आग लगने से हिमांशु उर्फ निधि की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि उसकी बहन कोमल गंभीर रूप से घायल हो गई थी। जिसे उपचार के लिए रोहतक पीजीआई में भर्ती कराया गया था। जिसका फिलहाल रोहतक पीजीआई में उपचार चल रहा है। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया और एफएसएल टीम ने भी मौके से साक्ष्य जुटाएं।

उन्होंने बताया कि जांच के दौरान घटनास्थल से दो प्लास्टिक बरामद हुआ था। मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान नरेंद्र निवासी धुड़कावास जिला रेवाड़ी में की गई है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि शादी से मना करने कि रंजिश के कारण आरोपी ने इस वारदात को अंजाम दिया है।

आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी को पूछताछ के लिए पांच दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

## एएनएम और आशा वर्कर में हुआ विवाद




बहादुरगढ़। एएनएम की शिकायत देती नाराज आशावर्कर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

किला मोहल्ला स्थित पीएचसी में एएनएम और आशा वर्कर के बीच किसी बात पर विवाद गहरा गया। आशा वर्कर की ओर से एएनएम पर दुर्व्यवहार करने के आरोप लगाए गए हैं।

आशा वर्कर द्वारा जान देने की कोशिश करने की भी बात सामने आ रही है। हालांकि इसकी पुष्टि पुलिस जांच के बाद हो सकेगी। आरोपों की सत्यता भी जांच का विषय है। ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य जसबीर सैनी ने आशा वर्कर रामभतेरी के निवास पर जाकर उनका हालचाल जाना। मामले की सारी जानकारी संबंधित विभाग के उच्च अधिकारियों को देते हुए इस पर संज्ञान लेने की बात कही। बकौल जसबीर, रामभतेरी ने उनको बताया कि मुझ दिव्यांग कर्मचारी को लंबे समय से परेशान किया जा रहा है। परेशानी के कारण पांव में भी चोट लग गई। इसकी शिकायत पुलिस को दे दी है। सैनी ने कहा कि यह मामला सीएम के समक्ष रखा जाएगा। इस मौके पर कई आशा वर्कर भी मौजूद रहीं।

## खबर संक्षेप

### भटसाना गांव से बिजली ट्रांसफार्मर चुरा ले गए

**धारूहेड़ा।** भटसाना गांव में चोर एक किसान के खेत में लगा बिजली ट्रांसफार्मर चोरी कर ले गए। निगम के एसडीओ ने पुलिस शिकायत में बताया कि गांव में एक किसान भीमसिंह के खेत में 25 केवी क्षमता का बिजली ट्रांसफार्मर लगा हुआ था। गत 14 अप्रैल की रात यह ट्रांसफार्मर चोरी हो गया। इससे बिजली निगम को हजारों रुपये का नुकसान हुआ है। किसान की बिजली भी बाधित हो गई। निगम के जेई की ओर से उसे ट्रांसफार्मर चोरी होने की सूचना दी गई। धारूहेड़ा थाना पुलिस ने एसडीओर की शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### सट्टा खाईवाली करने के आरोप में एक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** सिटी पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर सट्टा खिलाने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि बंजारवाड़ी निवासी शंकर उर्फ शंभू बीएमजी मॉल के पीछे गली में सट्टा खिला रहा है। सूचना मिलने के बाद सादी वर्दी में पुलिसकर्मी वहां पहुंच गए। वह लोगों को सट्टा खिलाने के लिए आवाज लगा रहा था। आरोपी को पुलिस ने मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से सट्टे की 2190 रुपये राशि व पर्चियां बरामद की गई हैं। आरोपी के खिलाफ गैंबलिंग एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

### मकान के ताले तोड़कर बुजुर्ग की नकदी चोरी

**कुंड।** मायन गांव में चोर एक बंद मकान के ताले तोड़कर बुजुर्ग की नकदी चोरी कर ले गए। थाना खोल पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद चोरी का केस दर्ज कर लिया। पुलिस शिकायत में 95 वर्षीय ओमप्रकाश ने बताया कि वह 14 अप्रैल को अपने दिल्ली मकान में गया था। जब वह दिल्ली से वापस गांव आया तो उसके मकान के कमरों के ताले टूटे हुए थे। चोर उसके पलंग पर बिस्तर के नीचे रखे 8500 रुपये व लगभग 400 रुपये के सिक्के चोरी कर ले गए। आसपास पूछताछ करने के बाद भी चोरों का कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद चोरी की जांच शुरू कर दी।

### आईजीयू में ई-रिसोर्सेस पर कार्यशाला का आयोजन

**रेवाड़ी।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में शुक्रवार को अटल बिहारी वाजपेई पुस्तकालय में ई-रिसोर्सेस पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में रिफ्रेड सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड से प्रशिक्षक वंशिका ने 'वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन' के अंतर्गत ई रिसोर्स के बारे में विस्तार पूर्वक बताया।

---

### इस्सरहेड़ी में तीन अवैध कॉलोनियों में की तोड़फोड़

# डीटीपी ने 2 मकानों, 34 डीपीसी और सड़क पर चलाई जेसीबी




बहादुरगढ़। अवैध निर्माण को ढहाती डीटीपी की जेसीबी तथा इस्सरहेड़ी में डीपीसी तोड़ती डीटीपी की जेसीबी। फोटो : हरिभूमि

■ जिला नगर योजनाकार की टीम के साथ पुलिस रही मौजूद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

जिला नगर योजनाकार की टीम ने बहादुरगढ़ दिल्ली सीमा पर स्थित गांव इस्सरहेड़ी में लगभग साढ़े 5 एकड़ में पनप रही तीन अवैध कॉलोनियों में तोड़फोड़ की कार्रवाई की। डीटीपी की जेसीबी द्वारा कार्रवाई के दौरान 2 ढांचों, 34 डीपीसी और मिट्टी की सड़क को ध्वस्त किया गया। डीटीपी मनीष कुमार ने कहा कि विभाग के पास इन अवैध कॉलोनियों के पनपने की सूचना आई थी, जिसके उपरांत विभाग द्वारा भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों को चेतावनी दी गई। जब अवैध कॉलोनियों में किए जा रहे निर्माण को नहीं रोका गया और न ही विभाग से अनुमति प्राप्त की गई तो शुक्रवार को यह कार्रवाई की गई। जिला नगर योजनाकार की टीम ने लगभग साढ़े 5 एकड़ में पनप रही 3 अवैध कॉलोनियों में जिला प्रशासन की मदद से तोड़फोड़ की कार्रवाई की है। पुलिस बल के साथ डीटीपी की टीम ने कॉलोनियों में कच्ची सड़कों, डीपीसी व दो अवैध निर्माण को जेसीबी से हटाया। उन्होंने आमजन से भी अनाधिकृत कॉलोनियों में प्लॉट नहीं खरीदने की अपील करते हुए कहा कि भविष्य में भी अवैध कॉलोनियों में निर्माण को ध्वस्त किया जाएगा।

---

## नीट-यूजी परीक्षा के सुचारू आयोजन के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

रविवार को आयोजित होने जा रही नीट-यूजी परीक्षा के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। जिलाधीश प्रदीप दहिया ने नीट-यूजी परीक्षा के दौरान कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने और परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा से बचाने के उद्देश्य से ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए हैं। यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 16(1) व 17(1) के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेड़ी खुम्मार परीक्षा केंद्र पर उमेद सिंह, बीडीपीओ ड्यूटी रहेंगे जिनका मोबाइल नंबर 7015268160, पीएम श्री गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल (बीकानेर चौक) परीक्षा केंद्र पर अरविंद, नायब तहसीलदार बादली ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं जिनका मोबाइल नंबर 7015024270, गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बीकानेर चौक परीक्षा केंद्र पर आदिश मित्तल, एसडीओ (पीडब्ल्यूडी बीएंडआर) ड्यूटी मजिस्ट्रेट रहेंगे जिनका मोबाइल नंबर 9416148324, गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक परीक्षा केंद्र पर ऋषिपाल, एसडीओ (पशुपालन एवं डेयरी विभाग) ड्यूटी मजिस्ट्रेट रहेंगे जिनका मोबाइल नंबर 9466077397, केंद्रीय विद्यालय, झज्जर बहादुरगढ़ रोड परीक्षा केंद्र पर युद्धवीर, एसडीओ, (पंचायत विभाग) ड्यूटी मजिस्ट्रेट रहेंगे जिनका मोबाइल नंबर 9992221462, पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, किलोई परीक्षा केंद्र पर संजीव कुमार, एसडीओ (पशुपालन एवं डेयरी विभाग) ड्यूटी मजिस्ट्रेट रहेंगे जिनका मोबाइल नंबर 9812217111 है। इसके अतिरिक्त एसडीएम झज्जर को समस्त परीक्षा केंद्रों का ओवरऑल इंचार्ज नियुक्त किया गया है। सभी ड्यूटी मजिस्ट्रेट्स परीक्षा केंद्रों पर कानून व्यवस्था सुनिश्चित करें।

**नीट-यूजी परीक्षा के दौरान धारा 163 रहेगी लागू:** जिलाधीश प्रदीप दहिया ने नीट-यूजी परीक्षा को शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित करवाने के मद्देनजर परीक्षा केंद्र के 200 मीटर की परिधि में धारा 163 लागू रहेगी। जिलाधीश ने परीक्षा केंद्रों पर कानून एवं शांति व्यवस्था के मद्देनजर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के तहत आदेश जारी करते हुए परीक्षा केंद्रों के आसपास (200 मीटर की सीमा में) निर्धारित संख्या से अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होने पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसके अलावा नकल रहित व शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षाएं आयोजित करने के उद्देश्य से परीक्षा के दौरान धारा 163 के तहत जिले के सभी परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के अंतर्गत स्थित सभी फोटो स्टेट की दुकानें बंद रहेंगी। आदेशों की अवहेलना करने पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

---

## अवैध प्लास्टिक फैक्ट्रियों पर प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



जिलाधीश प्रदीप दहिया

जिले में अवैध रूप से संचालित प्लास्टिक फैक्ट्रियों और उनसे उत्पन्न पर्यावरणीय एवं जनस्वास्थ्य खतरों को गंभीरता से लेते हुए जिलाधीश प्रदीप दहिया ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत उन अवैध प्लास्टिक यूनिटों के खिलाफ सख्त प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। ये आदेश परनाला, निजामपुर रोड, बामड़ौली, कानौंदा, खैरपुर, लडरावन, सिद्दीपुर, लोवा कलां और लोवा खुर्द क्षेत्रों में प्रभावी रहेंगे। जिलाधीश द्वारा जारी जनहित में पारित आदेश के अनुसार इन क्षेत्रों में आवासीय एवं कृषि भूमि पर अवैध रूप से संचालित प्लास्टिक औद्योगिक गतिविधियों और प्लास्टिक जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। आदेशों में यह भी स्पष्ट किया है कि गैरकानूनी तरीके से लिए गए बिजली कनेक्शनों के माध्यम से फैक्ट्रियों का संचालन करना पूरी तरह से वर्जित रहेगा। आदेशों के उल्लंघन पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इन आदेशों को सख्ती से लागू कराने के लिए डीसीपी (मुख्यालय), डीसीपी बहादुरगढ़, डिप्टी म्युनिसिपल कमिश्नर, एसई यूएचबीवीएनएल, जिला नगर योजनाकार एवं नगर परिषद बहादुरगढ़ के कार्यकारी अधिकारी को आदेशों की सतत निगरानी, पालन और उल्लंघन की स्थिति में नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होकर आगामी दो माह, यानी 29 जून तक प्रभावी रहेंगे।

## परीक्षाफल पर आशावादी व सकारात्मक सोच अपनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

■ बच्चे की क्षमता के अनुसार उचित विकल्प की तलाश करें अभिभावक



डॉ. सुनीता छिल्लर

परीक्षार्थियों और अभिभावकों द्वारा बड़ी बेसब्री से परीक्षाफल का इंतजार हो रहा है। कुछ विद्याथीर् तो बहुत अच्छे अंक प्राप्त कर एक सुखद व सुनहरे भविष्य के सपने देख रहे हैं। जबकि कुछ औसत अंक प्राप्त करने अथवा कई औसत से नीचे अंक प्राप्त करने की आशंका से तनावग्रस्त हैं।

ऐसे में छात्र-छात्राओं के साथ ही अभिभावकों को भी आशावादी एवं सकारात्मक सोच अपनानी चाहिए। कम अंक पाने पर छात्र और उनके अभिभावक हताश व निराश न हों। राजकीय महिला महाविद्यालय में मनोविज्ञान विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सुनीता छिल्लर ने वैयक्तिक विभिन्नता की अवधारणा का उल्लेख करते हुए बताया कि परीक्षा में शामिल सभी बच्चे एक जैसे नहीं होते। उनमें बौद्धिक, मानसिक स्तर पर विभिन्नताएं होती हैं। परीक्षा में जिन बच्चों के अंक अच्छे नहीं आते हैं, उनके माता-पिता, परिवार, समाज की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। ज्यादातर अभिभावक यह आशा करते हैं कि उनका बच्चा परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करें, बच्चों पर इसका दबाव भी रहता है। परंतु जब परिणाम आशा के विपरीत आते हैं, तो विकट परिस्थिति में कम अंक पाने वाले छात्र हताशा व निराशा के घोर अंधकार में डूब जाते हैं। ऐसी घड़ी में छात्र आत्महत्या जैसे कदम उठा लेते हैं। इस दुखद व तनावग्रस्त घड़ी में उन्हें अपने माता-पिता के सहयोग की बेहद जरूरत होती है। बच्चे की अभिक्षमता व उसके बौद्धिक, मानसिक अवस्था को ध्यान में रखते हुए अभिभावक उसके लिए उचित विकल्प की तलाश करें। यह जीवन मामूली सी बात पर समाप्त कर लेना कायरता का ही प्रतीक है। संपूर्ण विश्व में आत्महत्या एक गंभीर एवं विकराल समस्या बन चुकी है। इसे कम करने के लिए सोच में सकारात्मकता को बढ़ाना होगा।

---

## नहर में मिला व्यक्ति का शव, पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। नागरिक अस्पताल परिसर में पोस्टमार्टम के लिए कागजी कार्रवाई करते हुए पुलिसकर्मी।

वीरवार की रात गोच्छी गांव से निकलती जेएलएन में एक व्यक्ति का शव मिला है। ग्रामीणों ने जब शव देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी।

पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मामले की जानकारी लेते हुए शव को ग्रामीणों की सहायता से बाहर निकलवाया तथा उसे पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। मृतक की पहचान रोहतक जिले के सुनारियाकलां निवासी करीब 39वर्षीय अमित पुत्र जयकृष्ण के तौर पर की गई। शुक्रवार को परिजनों के पहुंचने उपरांत पुलिस द्वारा मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। मामले के जांच अधिकारी श्रीकांत ने बताया कि परिजनों के बयान के आधार इत्तिफाकिया कार्रवाई अमल में लाई गई है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

## हरियाणा को उसका जल अधिकार मिलना चाहिए : नीलम अहलावत

■ हरियाणा के किसानों व जनता पर प्रहार कर रहा पंजाब : नीलम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। नीलम अहलावत, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भाजपा।

हरियाणा को उसके जल अधिकार दिलवाने के संघर्ष में केन्द्र और हरियाणा की सरकार पूरी प्रतिबद्धता और गंभीरता के साथ जुटी हुई है। भाजपा महिला मोर्चा हरियाणा की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नीलम अहलावत ने कहा कि भाखड़ा बांध से हरियाणा के हिस्से का पानी रोका जाना पंजाब सरकार की हठधर्मिता और संघीय ढांचे के विरुद्ध एक गंभीर अवमानना है। यह स्थिति न केवल संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन करती है, बल्कि हरियाणा की आम जनता, विशेषकर किसानों के हितों पर सीधा प्रहार है। उन्होंने कहा भाजपा की सरकार हरियाणा के किसानों और आमजन के अधिकारों को लेकर किसी भी तरह की ढील नहीं बरतेगी।

---

## अब डीटीपी का नेशनल हाइवे पर बड़ा एक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

■ रूध की सीमा में 6 एकड़ में विकसित हो रही कॉलोनी, प्रॉपर्टी डीलर का कार्यालय ध्वस्त

अवैध कॉलोनियां विकसित करने वाले लोगों के खिलाफ डीटीपी की कार्रवाई लगातार चल रही है। शुक्रवार को डीटीपी की टीम ने दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर रूध की सीमा में 6 एकड़ में विकसित हो रही कॉलोनी को जेसीबी मशीन से समतल कर दिया गया। एक प्रॉपर्टी डीलर का कार्यालय भी डीटीपी के एक्शन की चपेट में आ गया। पुलिस बल की मौजूदगी के चलते इस कार्रवाई का कोई विरोध नहीं हुआ। प्रदेश सरकार की ओर से गत वर्ष शुरू की गई पुरानी अनियमित कॉलोनियों को नियमित करने की प्रक्रिया के बाद अवैध कॉलोनियां काटने की होड़ लगी हुई है। फसल कटाई का कार्य पूरा होने के बाद प्लॉटिंग भी तेज हो गई है। डीटीपी की ओर से अवैध कॉलोनियां काटने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई तेज की हुई है। शुक्रवार को डीटीपी की टीम रूध गांव की राजस्व सीमा में जेसीबी मशीन, ड्यूटी मजिस्ट्रेट व पुलिस बल के साथ पहुंची। टीम ने 6 एकड़ जमीन में विकसित हो रही कॉलोनी को जमींदोज कर दिया। इस कार्रवाई के तहत टीम ने 35 डीपीसी, 5 चारदीवारी, एक प्रॉपर्टी डीलर का अवैध रूप से बनाया गया ऑफिस, हरित पट्टी में किए गए निर्माण व कच्चे रोड नेटवर्क को जमींदोज कर दिया। डीटीपी का एक्शन शुरू होने के बाद विरोध करने के लिए भी संबंधित लोग एकत्रित हो गए।

### अवैध निर्माण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं



*प्रॉपर्टी डीलर लोगों को झांसा देकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट बेचने का कार्य कर रहे हैं। प्लॉट खरीदने वाले लोगों को पहले डीटीपी ऑफिस से यह पता लगाना चाहिए कि वह जिस स्थान पर प्लॉट खरीद रहे हैं, वह कॉलोनी नियमित है या नहीं। अनियमित कॉलोनियों में किए जाने वाले निर्माण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे।*

*-मंदीप सिंह सिहाग, डीटीपी।*

## समाधान शिविरों की शिकायतों पर मुख्यमंत्री कार्यालय सख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर




झज्जर। समाधान शिविरों से जुड़ी शिकायतों की समीक्षा करते हुए डीसी प्रदीप दहिया। फोटो : हरिभूमि

समाधान शिविर प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की एक जन-हितैषी और नवाचारी पहल है, जिससे प्रशासनिक पारदर्शिता और जवाबदेही दोनों में इजाफा हुआ है। इन शिविरों से आमजन और प्रशासन के बीच संवाद सशक्त हुआ है। यह बात डीसी प्रदीप दहिया ने समाधान शिविर की डॉक्टर अमित अग्रवाल सचिव सूचना ,जनसंपर्क एवं संस्कृति भाषा और पंचायती राज विभाग हरियाणा सरकार द्वारा साप्ताहिक समीक्षा बैठक उपरांत कही। उन्होंने कहा कि सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पुरानी शिकायत लंबित न रहे। उन्होंने निर्देश दिए कि समाधान शिविर और सीएम विंडो पर प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध, संतोषजनक और गुणवत्तापूर्ण समाधान प्राथमिकता पर किया जाए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविरों की शिकायतों पर मुख्यमंत्री कार्यालय की सख्त निगरानी है।

---

### ट्रिपल राइडिंग के 148 तो बिना नंबर प्लेट वाले 311 वाहनों के चालान काटे

# पुलिस ने एक माह में काटे 2399 वाहनों के चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

■ सड़क सुरक्षा के नियमों की अनदेखी सहन नहीं



पुलिस कमिश्नर डॉ. राजश्री सिंह

शहर को जाम मुक्त करने, सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने तथा यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित कराने के लिए पुलिस कमिश्नर डॉ. राजश्री की ओर से निर्देश दिए गए हैं। इसी के तहत पुलिस भी नियम तोड़ने वालों के प्रति सख्ती बरत रही। इसका अंदाजा बीते माहभर में हुए चालानों से लगाया जा सकता है। माहभर में पुलिस ने 2399 वाहन चालकों के चालान काटे हैं। इनमें ट्रिपल राइडिंग के 148, ब्लैक फिल्म के 12, गलत दिशा में वाहन चलाने पर 591, रांग पार्किंग के 251, बिना नंबर प्लेट और पैटर्नर की नंबर प्लेट के 514 चालान हैं। इसी तरह विदाउट पॉल्यूशन के 75, बिना हेलमेट के वाहन चलाने पर 142, पटाखा बजाकर दहशत फैलाने के मामले में चार बुलेट बाइक चालकों के चालान काटे गए हैं। कुछ वाहन इंपाउंड भी किए गए हैं। पुलिस आयुक्त डॉ. राजश्री सिंह का कहना है कि यातायात नियमों की अनदेखी के कारण हादसे होते हैं। एक लापरवाह चालक न केवल चालक खुद के बल्कि दूसरे के लिए भी खतरा बन जाता है। इसलिए हमें वाहन चलाते वक्त नियमों का पालन जरूर करना चाहिए। नियम पालन करते हैं तो हादसे की आशंका कम होगी, वहीं व्यवस्था भी बनी रहेगी। वाहन चलाते वक्त नशा न करें और न ही मोबाइल का इस्तेमाल करें। अपनी लेन में वाहन संयमित गति में चलाएं और ओवरटेक से बचें। यदि नियमों की पालना नहीं होगी तो पुलिस सख्ती करेगी। अभिभावक भी अपने बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखें। ये ध्यान दें कि वे किस तरह के वाहन किस ढंग से चला रहे हैं।

### विद्यार्थियों को यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक



झज्जर। विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करते हुए एएसआई राखी।

**झज्जर ।** शुक्रवार को जिला पुलिस की एक टीम द्वारा डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों को यातायात नियमों व नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया। सड़क सुरक्षा सेल प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने विद्यार्थियों को यातायात के नियमों का पालन करने और अपने माता-पिता को भी यातायात के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करें। वहीं एएसआई राखी ने बताया कि हमें अपराधिक गतिविधियों से बचना है तो हमें अपराध के तरीकों के बारे में जागरूक होना अति आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को अंजान व्यक्ति से स्तर्क रहने, अंजान व्यक्ति के किसी तरह के प्रलोभन में न आने के प्रति भी जागरूक किया। उन्होंने कहा कि अगर आपको अपने आसपास कोई अपराधी किस्म का व्यक्ति दिखता है तो आप अपने माता-पिता, अध्यापकों या तुरंत डॉयल 112 पर कॉल करके पुलिस को सूचना दे। उन्होंने नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में भी विद्यार्थियों को जानकारी दी और विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

### जिले में एक लाख 96 हजार 686 एमटी गेहूं और 35 हजार 94 एमटी सरसों की हुई आवक

**झज्जर।** डीसी प्रदीप दहिया ने कहा कि जिले में रबी सीजन की सरसों व गेहूं खरीद के उपरांत मंडियों में एजेंसियों द्वारा निरंतर उठान कार्य किया जा रहा है। अब तक 95 प्रतिशत सरसों और 81 प्रतिशत गेहूं उपज का उठान हो चुका है। उन्होंने बताया कि जिला की मंडियों में एक लाख 80 हजार एमटी गेहूं की खरीद की गई है और अब तक 1 लाख 96 हजार 686 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई है। जिसमें से 81 प्रतिशत खरीदी गई गेहूं की फसल का उठान हो चुका है। इसी प्रकार 33 हजार 876 एमटी सरसों खरीद की जा चुकी है, जबकि 35 हजार 94 मीट्रिक टन सरसों की आवक दर्ज की गई है।

### ग्लोबल सप्लाई में पीएमएफएमई की अहम भूमिका : डीसी



**रेवाड़ी।** केंद्र सरकार के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय की ओर से चलाई जा रही प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों के विकास के लिए एक बड़ा कदम है। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना का उद्देश्य सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को बढ़ावा देना है। इस योजना के तहत एफपीओ, एसएचजी, सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमियों और सहकारी समितियां को लाभ पहुंचाया जा सकता है। इस योजना के तहत सरकार द्वारा फूड प्रोसेसिंग और अन्य सामान्य सुविधाओं जैसे सोर्टिंग- ग्रेडिंग, वेयरहाउस, फार्म-गेट-कोल्डस्टोर्स, खाद्य उत्पादों के लिए सामान्य प्रसंस्करण सुविधाओं के लिए 35 प्रतिशत तक सब्सिडी व 3 करोड़ रुपए तक का ऋण मुहैया कराया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### संत निरकारी सत्संग भवन में सत्संग कल

**झज्जर।** शहर के सांपला रोड स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन सर्व साध संगत सत्संग का आयोजन किया जाएगा। जिला संयोजक रोशनलाल निरंकारी ने बताया कि कार्यक्रम में रेवाड़ी से महात्मा डॉक्टर कमल सिंह मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करते हुए सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज का आशीर्वाद प्रदान करेंगे। प्रातः करीब नौ बजे होने वाले इस सत्संग उपरांत लंगर प्रसाद वितरण भी किया जाएगा।

### मनोहर लाल के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर 5 को

**बहादुरगढ़।** केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर के जन्मदिन पर 5 मई को सेक्टर-2 स्थित भाजपा कार्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। रक्त का संचय ब्रह्मशक्ति संजीवनी अस्पताल के ब्लड बैंक की टीम द्वारा किया जाएगा। भाजपा विधानसभा संयोजक दिनेश कौशिक ने बताया कि 5 मई को लगने वाले इस शिविर को लेकर भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है।

### युवक पर चोरी करने व मारपीट का आरोप

**झज्जर।** गांव खेड़ी सुलतानपुर निवासी राजेंद्र कुमार ने पुलिस को दी शिकायत दी है कि जब वह 28 अप्रैल को पड़ोस कुलदीप के पास सो रहा था तो उसकी बाहर रखी गार्डर टुकड़ियों को छेड़ने की आवाज आई। जिसके बाद वह पड़ोसी कुलदीप के साथ बाहर आया तो गांव की एक युवक गार्डर खींच रहा था। जब उसने ऐसा करने से मना किया तो आरोपी सचिन ने उस पर पत्थर की टुकड़ी से हमलाकर मौके से भाग निकला। राजेंद्र के अनुसार टुकड़ी लगने से उसे गंभीर चोट आई। इसके बाद नागरिक अस्पताल से रोहतक पीजीआई ले जाया गया।

### कैंटर की टक्कर में गाड़ी चालक हुआ घायल

**झज्जर।** गांव डीघल के नजदीक कैंटर ने पिकअप चालक को टक्कर मार कर घायल कर दिया। घटना के बाद कैंटर चालक वाहन सहित भाग निकला। पुलिस को दी शिकायत में गांव बहुझोलरी निवासी सुरेंद्र ने बताया कि वह गुरुग्राम में रहता है। वह 29 अप्रैल को गाड़ी में मेडिकल संबंधी सामान लेकर रोहतक जा रहा था। डीघल गांव के मोड़ के नजदीक पहुंचा तो पीछे से तेज गति से आ रहे कैंटर ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उसकी गाड़ी पलट गई। गुरुग्राम के अस्पताल में वह उपचाराधीन है।

### चोरों ने ट्रांसफार्मर की क्वॉइल निकाल ली

**बहादुरगढ़।** एचएसआईआईडीसी सेक्टर-16 में एक कंपनी के बाहर रखे ट्रांसफार्मर की क्वाइल तथा स्टेबलाइजर चोरी हो गया। कंपनी मैनेजर की ओर से पुलिस को शिकायत दे दी गई है। सेक्टर-6 थाना पुलिस को दी शिकायत में दिल्ली के निवासी ब्रह्मप्रकाश ने कहा है कि वह सेक्टर-16 स्थित एक कंपनी में जनरल मैनेजर है। कंपनी के साथ लगते होटल के सामने प्लेटफार्म पर 250 केवीए का ट्रांसफार्मर कंपनी के लिए स्थापित किया जाना था। वहीं, दूसरी तरफ सैनिक नगर में से टावर के उपकरण चोरी हो गए। शिकायत में अजीत ने कहा है कि कंपनी का टावर सैनिक नगर में है। टावर में से आरआरयू उपकरण चुरा लिया।

# पदक विजेता खुशी का अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶बहादुरगढ़

जॉर्डन में आयोजित एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में खुशी अहलावत की जीत से उसके परिजन, कोच, स्कूल स्टाफ तथा विद्यार्थियों में खुशी की लहर है। जीतकर लौटने पर खुशी का जोरदार अभिनंदन किया गया। दरअसल, जॉर्डन के अमान शहर में एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन हुआ था। देश की ओर से झज्जर जिले की बेटी खुशी अहलावत पुत्री संदीप अहलावत ने भी जोर आजमाइश की। खुशी ने अंडर 15 आयु वर्ग में खेलते हुए गोल्ड मेडल जीता। खुशी डाबोदा खुर्द स्थित महाराजा सूरजमल स्कूल में नौवीं कक्षा की छात्रा है। चेयरमैन श्याम सिंह, प्रिंसिपल महेंद्र कटारिया, वाइस प्रिंसिपल मुकेश रानी सभी अन्य शिक्षकों ने खुशी तथा उसके पिता संदीप को बधाई दी। उन्होंने कहा कि खुशी ने देश के लिए पदक जीतकर विद्यालय व इलाके का मान बढ़ाया है। उम्मीद है कि खुशी एक दिन बड़े स्तर प देश के लिए मेडल जीतेगी। अन्य विद्यार्थियों को भी खुशी से प्रेरणा लेकर खेलों में भाग लेना चाहिए।



**बहादुरगढ़।** अपने पिता के साथ खुशी अहलावत।



## शेखर ने किया खुशी का सम्मान

**बहादुरगढ़।** खुशी अहलावत का बादली रोड स्थित अंबेडकर स्टेडियम में पहुंचने पर भाजपा नेता शेखर दिनेश कौशिक ने जोरदार अभिनंदन किया। खुशी अहलावत के सम्मान में शुक्रवार को अंबेडकर स्टेडियम में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य तौर पर पहुंचे भाजपा नेता दिनेश कौशिक के पुत्र शेखर कौशिक ने खुशी अहलावत का सम्मान करते हुए आशीर्वाद दिया। शेखर कौशिक ने कहा कि झज्जर जिले के खिलाड़ी खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करके जिले का नाम देश व विश्व में रोशन कर रहे हैं। भाजपा सरकार द्वारा हरियाणा में खेलों को बढ़ावा देने के लिए ईनाम की राशि बढ़ाने के साथ साथ कई कदम उठाए है, जिनका लाभ प्रदेश के खिलाड़ियों को मिल रहा है। भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय सैनी, कृष्ण पहलवान, परमानंद मलिक, श्रीनिवास छिकारा व बिट्टू अहलावत आदि ने भी खुशी अहलावत को बधाई दी।

## एशियन मुक्केबाजी स्पर्धा में प्राची ने जीता कांस्य पदक



**झज्जर।** मुक्केबाज प्राची चाहर ने एशियन मुक्केबाजी चैपियनशिप में कांस्य पदक जीत कर जिले व प्रदेश का नाम रोशन किया है। कोच हितेश देशवाल ने बताया कि जॉर्डन में बीस अप्रैल से दो मई तक आयोजित इस चैंपियनशिप में प्राची ने यह पदक जूनियर 66 किलोग्राम भारवर्ग खेलते हुए हासिल किया। उन्होंने बताया कि प्राची ने अपने दमदार खेल से न केवल पदक जीता, बल्कि भारतीय टीम को ओवरऑल द्वितीय स्थान दिलाने में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। प्राची के स्थानीय महर्षि दयानंद सरस्वती खेल स्टेडयिम पहुंच पर उसका स्वागत किया गया।

### यादव धर्मशाला के समक्ष विरोध प्रदर्शन कर आक्रोश जताया

# सफाई कर्मचारियों ने अधिकारियों को भेजा हड़ताल व आंदोलन का नोटिस

### केंद्रीय ट्रेड यूनियनों व सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर करेंगे हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶झज्जर

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा द्वारा संबंधित विभाग के उच्चाधिकारियों को अपने आंदोलन व राष्ट्रव्यापी हड़ताल के संबंध में नोटिस देकर अवगत कराया गया है। संघ की स्थानीय इकाई द्वारा शुक्रवार को शहर की यादव धर्मशाला के समक्ष खड़े होकर विरोध प्रदर्शन किया गया।

इसके बाद उन्होंने अपनी हड़तालों व आंदोलन की रूप रेखा के संबंध में नोटिस सौंपते हुए अधिकारियों से अवगत कराया गया। यूनियन के स्थानीय इकाई प्रधान शिवम ने बताया कि नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रांतीय प्रधान नरेश कुमार शास्त्री द्वारा शहरी स्थानीय निकाय मंत्री हरियाणा सरकार, विभागीय अतिरिक्त मुख्य सचिव व निदेशक तथा फायर विभाग हरियाणा पंचकूला के निदेशक को भेजे गए नोटिस में बताया गया है कि देश की केंद्रीय ट्रेड यूनियनों व सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर देश व प्रदेश के मजदूर अपनी लंबित मांगों व समस्याओं का समाधान कराने के लिए 20 मई की एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल करने जा रहे हैं। इस हड़ताल में प्रदेश की पालिकाओं, परिषदों, निगमों व फायर विभाग के कर्मचारियों ने शामिल होने का फैसला लिया है। चार अप्रैल को सरकार व अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन के मध्य हुई वार्ता में आपदा एवं राजस्व प्रबंधन विभाग के मंत्री ने भी पंद्रह दिन के अंदर कमेटी गठित करने का अश्वासन दिया था। अब पंद्रह दिन से अधिक का समय बीतने के बावजूद कमेटी गठित नहीं की गई जिस कारण कर्मचारियों में रोष है।



**झज्जर।** यादव धर्मशाला के सामने खड़े होकर विरोध प्रदर्शन करते सफाई कर्मचारी। *फोटोः हरिभूमि*

#### तेरह व चौदह को किया जाएगा झाड़ू प्रदर्शन

अब लिए गए निर्णय के अनुसार आगामी तेरह व चौदह मई को सफाई कर्मचारियों द्वारा शहरों में झाड़ू प्रदर्शन करते हुए सरकार की कर्मचारी विरोध नीतियों का खुलासा किया जाएगा। इसके उपरांत सौलह मई को पालिकाओं, परिषदों, निगमों व अग्निशमन विभाग के कर्मचारी अपने-अपने कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय क्रमिक भूख हड़ताल करेंगे। इसके उपरांत आगामी बीस मई को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल में बढ़ चढ़कर भागीदारी करेंगे। इस मौके पर इकाई कैशियर गौरव, इकाई सचिव विकास उज्जैनवाल, अभिषेक गोलू, कृष्ण, मनीषा, शीतल, कमलेश, आकाश, बबली, योगेश सहित अन्य भी उपस्थित रहे। इकाई कैशियर गौरव ने बताया कि इसके बाद उन्होंने डीसी कार्यालय, डीएमसी, नगर परिषद सचिव आदि को नोटिस भी सौंपा है।

### अधिकारियों के आश्वासन पर हड़ताल समाप्त

**बहादुरगढ़।** सिंचाई विभाग के कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त कर हो गई है। अधिकारियों से आश्वासन मिलने के बाद कर्मचारियों ने यह कदम उठाया है। हालांकि कर्मचारियों ने ये भी कहा कि एक महीने में समाधान नहीं हुआ तो पुनः हड़ताल शुरू कर देंगे। दरअसल, सिंचाई विभाग के कर्मचारियों द्वारा हटाए गए साथी कर्मचारियों को पुनः काम पर रखने, स्ट्रेंथ बढ़ाने सहित अन्य मांगों को लेकर पुराना कोर्ट परिसर में धरना शुरू किया गया था। चार दिन तक कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर जोर शोर से आवाज उठाई। अधिकारियों के प्रति नाराजगी भी जताई। शुक्रवार को कर्मचारी नेताओं की अधिकारियों के साथ बैठक हुई। जिसके बाद धरना समाप्त कर दिया गया। मैकेनिकल वर्कर यूनियन के जिला प्रधान नवीन ने कहा कि एक्सईएन के साथ शुक्रवार को बैठक हुई। इसी दौरान हमारे कुछ साथी व तीनों एसडीई भी मौजूद रहे। हमने कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने सहित अपनी अन्य समस्याएं व मांग रखी। कुछ मांगों पर सहमति बनी और अधिकारियों ने आश्वासन दिया। आश्वासन के बाद काम पर लौट गए हैं। बहादुरगढ़ सब डिवीजन में कर्मचारी संख्या बहुत कम हैं। इस वजह से काम करने में परेशानी होती है। हमें उम्मीद है कि मांगों पर जल्द संज्ञान लेकर उन्हें पूरा किया जाएगा। यदि एक महीने में ऐसा नहीं होता है तो वे अपना अगला कदम उठाएंगे।



**झज्जर।** बैठक में कलस्टर प्रमुखों को संबोधित करते डीईईओ वीरेंद्र सिंह।

# अमान्यता प्राप्त स्कूलों पर कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶झज्जर

- डीईईओ वीरेंद्र ने कलस्टर प्रमुखों की बैठक ली

शहीद रमेश कुमार राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में कलस्टर प्रमुखों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का शुभारंभ करते हुए जिला निपुण समन्वयक डॉक्टर सुदर्शन पूनिया ने निपुण मिशन के अंतर्गत चल रहे कक्षा तत्परता कार्यक्रम के प्रभावशाली संचालन और कार्यकम की प्रगति पर प्रकाश डाला। उन्होंने पिछले सत्र की तुलना में वर्तमान नामांकन, स्कूलवार एवं क्लस्टरवार आंकड़ों पर चर्चा की तथा क्लस्टर प्रमुखों से उन स्कूलों पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया। जिला परियोजना समन्वयक रतिंद्र सिंह ने सभी प्रतिभागियों से उपयोगिता प्रमाणपत्र समय पर जमा करने तथा सभी गतिविधियां निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यार्थियों के अगली कक्षा में ट्रांजीशन एवं विषय आवंटन पर भी बल दिया। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र सिंह कलस्टर प्रमुखों को बताया कि अगले सप्ताह डीपीआईयू की बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रत्येक क्लस्टर को उन बच्चों की रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। उन्होंने क्लस्टर प्रमुखों से सोमवार तक अपने-अपने क्लस्टर के सभी निजी स्कूलों की सटीक रिपोर्ट जमा करने तथा अमान्यता प्राप्त स्कूलों अथवा आरटीई एक्ट-2009 के नियमों का उल्लंघन करने वाले स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा उन्होंने शिक्षा के अधिकार के विभिन्न प्रावधानों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी रूपिंद्र नांदल, राजबाला फौगाट, शेर सिंह, हरिओम, रमेश चौहान, सतदेव, ओमबीर अन्य भी उपस्थित रहे।

# पार्क सौंदर्यकरण पर उठाए सवाल

- कुछ दिनों पहले ही इस पार्क की चारदीवारी कराई थी
- पार्षद प्रतिनिधि ने वार्डवासियों के साथ गड़बड़ी का जायजा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶बहादुरगढ़

शहर के वार्ड नंबर 15 में स्व. लक्ष्मण दास बत्रा म्युनिसिपल पार्क में हुए सौंदर्यीकरण पर स्थानीय निवासियों ने सवाल खड़े किए हैं। कुछ दिनों पहले बनाई गई पार्क की चारदीवारी कुछ घंटे की बेमौसमी बरसात नहीं झेल पाई। एक तरफ दीवार में मोटी दरार आ गई। पार्षद प्रतिनिधि भूपेंद्र नफे सिंह राठी ने वार्डवासियों के साथ पार्क में हुई गड़बड़ी का जायजा लिया। पार्षद प्रतिनिधि भूपेंद्र राठी ने मौके का मुआयना करते हुए कहा कि नगर परिषद द्वारा कुछ दिनों पहले ही इस पार्क की चारदीवारी कराई थी। लेकिन मात्र कुछ घंटों की बरसात ने ही नगर परिषद की कार्यप्रणाली व घटिया निर्माण सामग्री की पोल खोलकर रख दी। शहर में नालों की सफाई नहीं होने के कारण जलभराव की समस्या से लोग परेशान हैं। सफाई के नाम पर करोड़ों रुपए हर महीने नगर परिषद द्वारा अपनी जेबों में भरे जा रहे है। पार्क में बना चबूतरा भी बरसात में क्षतिग्रस्त हो गया। अढ़ाई वर्ष का कार्यकाल बीत जाने के बाद भी नगर परिषद द्वारा शहर के विकास व समस्याओं की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा।



**बहादुरगढ़।** पार्क के सौंदर्यकरण में हुई गड़बड़ी का जायजा लेते भूपेंद्र राठी व अन्य।

# बहादुरगढ़ पहुंचे अभिलाष का किया अभिनंदन

- संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 129 वीं रैंक हासिल की

हरिभूमि न्यूज ▶▶बहादुरगढ़

संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 129 वीं रैंक हासिल करने वाले अभिलाष सुंदरम का शुक्रवार को बहादुरगढ़ पहुंचने पर जोरदार अभिनदंन किया गया। अभिलाष त्रिवेणी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के संचालक एस श्याम और संगीता वर्मा के बेटे हैं। पिछली बार यूपीएससी में 421वीं रैंक हासिल करने वाले अभिलाष ने इस बार कड़ी मेहनत के बूते 129वीं रैंक प्राप्त की है। अभिलाष बेंगलुरु में इंडियन ट्रेड सर्विसेज की ट्रेनिंग कर रहा था। शुक्रवार को बहादुरगढ़ लौटने पर स्वर्णकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष पवन वर्मा के साथ ही बहादुरगढ़ स्वर्णकार संघ के प्रधान दीपक वर्मा, महासचिव सन्नी वर्मा, उपप्रधान समुद्र वर्मा, पूर्व प्रधान जगदीश, चेयरमैन अनिल वर्मा, संजय सोनी, हरिओम सोनी, अनिल सोनी, जॉनी वर्मा व रिंकू वर्मा आदि ने अभिलाष को बधाई दी। अपनी शुरुआती पढ़ाई त्रिवेणी स्कूल से की करने वाले अभिलाष की सफलता पर मां संगीता वर्मा सहित पूरे परिवार में खुशी का माहौल है। अभिलाष ने कहा कि पूरे परिवार, दोस्तों, शिक्षकों ने उसे खूब सहयोग किया। वह हरियाणा सिविल सर्विस की परीक्षा भी दो बार पास कर चुके हैं। अभिलाष ने अपने पिता के सपने को अपनी कड़ी मेहनत व लगातार प्रयासों से साकार किया है। अब आईपीएस अधिकारी बन कर वे देश सेवा करेंगे।



**बहादुरगढ़।** अभिलाष सुंदरम का स्वागत करते दीपक वर्मा व अन्य। *फोटोः हरिभूमि*

### भोपाल के कलाकारों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

# ज्ञान कल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाया

- पांचवें दिन ज्ञान कल्याणक पूजा के बाद सायं को मंगल आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶बहादुरगढ़

शहर में चल रहे पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में महाराजश्री प्रणम्य सागर जी के मंगल सानिध्य में पांचवें दिन ज्ञान कल्याणक महोत्सव बहुत धूमधाम से मनाया गया। दोपहर उपरांत ज्ञान कल्याणक पूजा हुई। सायं में मंगल आरती के बाद भोपाल के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुक्रवार को सुबह अभिषेक, शांतिधारा, मंत्र अराधना, नित्यमह पूजन एवं तप कल्याणक की पूजा और हवन हुआ। इसके उपरांत महाराजश्री प्रणम्य सागर ने मंगल प्रवचन सुनाए। दोपहर में मुनिराज आदिनाथ के प्रथम आहार के बाद मंत्राराधना, अधिवासना, तिलकदान, मुखोद्घाटन, नेत्रोन्मीलन, प्राण प्रतिष्ठा और सूर मंत्र आदि क्रियाकलाप हुए। ज्ञान कल्याणक दिवस पर महाराजश्री प्रणम्य सागर जी ने अपने मंगल प्रवचनों में कहा कि युग के आदि में जब जन सामान्य को मुनियों को आहार देने की क्रिया का ज्ञान नहीं था। तब भगवान आदिनाथ जो मुनि आदि कुमार के रूप 6 माह तक आहार नही प्राप्त हुआ था। तब 6 माह के पश्चात राजा श्रेयांस और राजा सोम ने नवधा भक्ति के साथ सर्वप्रथम इच्छू रस का आहार दिया था। भगवान आदिनाथ ने ही कल्प वृक्षों की समाप्ति के पश्चात सामान्य प्रजा के हित के लिए आसी मसी कृषि वाणिज्य शिल्प एवं कला आदि की शिक्षाए जन सामान्य को सिखाई थीं। उन्होंने ही सर्वप्रथम विश्व को ऋषि बनो या कृषि का उपदेश सारी दुनिया को दिया था।



**बहादुरगढ़।** कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जैन समाज के लोग। *फोटोः हरिभूमि*

#### मंत्री कृष्ण बेदी ने भी कार्यक्रम में शिरकत की

प्रदेश सरकार में मंत्री कृष्ण बेदी ने भी कार्यक्रम में शिरकत करते हुए कहा कि हमें जीवन में सदा धर्म, सत्य, मानवता व भलाई के मार्ग पर ही चलना चाहिए। भगवान महावीर की शिक्षाएं आज भी समाज को नई दिशा दे रही हैं। उन्होंने भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉ पंकज जैन के साथ पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में पूजा अर्चना की। उन्होंने सकल जैन समाज को बधाई देते हुए कहा कि जैन समाज द्वारा अग्रवाल कॉलोनी में बहुत ही भव्य श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर बनाया जा रहा है। यह भव्य मंदिर क्षेत्र में आमजन को भक्ति, तप सत्य व धर्म के मार्ग पर चलने को प्रेरित करेगा।



**बहादुरगढ़।** मंत्री कृष्ण बेदी का स्वागत करते डॉ पंकज जैन व अन्य परिजन।

# भाजपा जिला उपाध्यक्ष जैन के घर पहुंचे मंत्री कृष्ण बेदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶बहादुरगढ़

प्रदेश सरकार में केबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी शुक्रवार को सेक्टर-6 स्थित भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉ पंकज जैन के निवास स्थान पर पहुंचे। यहां उनका जोरदार स्वागत व सम्मान किया गया।

दरअसल, कृष्ण बेदी बहादुरगढ़ में बनाए जा रहे जैन मंदिर के पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में शिरकत करने आए थे। शुक्रवार को कार्यक्रम में शिरकत करने के उपरांत केबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी सेक्टर-6 में डॉ पंकज जैन के निवास स्थान पर पहुंचे।

यहां पंकज जैन ने परिवार सहित कृष्ण बेदी का गर्मजोशी से स्वागत किया तथा स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मान किया।

### नोटिस

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ईश्वरदत्त पुत्र श्री क्षमादत्त पुत्र जुगलाल निवासी नवादा बाजार गली, बहादुरगढ़ जिला झज्जर, हरियाणा हाल आबाद शिव बारी, श्री भोला मंदिर, धौली प्याऊ, नजफगढ़ रोड, विकासपुरी, तिलक नगर, दिल्ली-110018 का रहने वाला है। जो कि ईश्वरदत्त ने एक दस्तावेज पंजीकरण बारे प्रस्तुत की है, जो कि एक किता प्लाट बरकबा 200 वर्ग गज रकबा बहादुरगढ़ वाक्या मौजा झील मोहल्ला, अंदर लाल डोरा, अंदर देह आबादी अंदर नगर परिषद की श्रीमती द्रोपदी देवी पत्नी क्षमादत्त पुत्र जुगलाल बरूए दस्तावेज नंबर 11 दिनांक 06/01/1953 सब रजिस्ट्रार झज्जर की रूह से मालिक थी। जिन्होंने एक वसीयत नंबर 3/33 दिनांक 16/09/2005 सब रजिस्ट्रार बहादुरगढ़ के द्वारा मेरे व मेरे भाई शिवदत्त के नाम भाग बराबर कराई थी। मेरे भाई शिवदत्त ने भी मेरे नाम वसीयत नंबर 3/5664 दिनांक 18/07/2023 में मेरे नाम पर वसीयत कराई है। मेरे भाई का देहांत हो गया है। उपरोक्त वसीयतों के पंजीकरण में यदि किसी को एतराज है, तो वह नोटिस के 20 दिन तक असालतन/वकलतन सब रजिस्ट्रार कार्यालय में हाजिर आकर एतराज प्रस्तुत कर सकता है।

हस्ता/-सब रजिस्ट्रार, बहादुरगढ़


Elenta Mart
A PERFECT HYPERMARKET
Summer Sale
HARYANA का सबसे ज़्यादा बचत वाला APP
DOWNLOAD NOW
SCAN TO DOWNLOAD
ORDER NOW
ON SHOPPING OF ₹2999 & ABOVE
GET FREE
*FRESCA JUICE 1LTR.
DELIVERY ONLY IN ROHTAK & BAHADURGARH CITY
03 MAY 09 MAY
ROHTAK, BAHADURGARH, JHAJJAR, DIGHAL, SAMPLA, GOHANA,
Opening Soon: in Zirakpur and the Second HYPERMARKET in ROHTAK Model Town.
HAMDARD ROOHAFZA SHARBAT 750ML MRP ₹180 OUR PRICE ₹155
CATCH SOFT DRINK 1.2 Ltr. BUY 1 GET 1 FREE
HITKARY ALL VARIENTS 700ML 20% OFF ON MRP
PRABHAS PURE GHEE 1Ltr. BUY 1 GET 1 FREE
INDIA GATE BASMATI RICE CLASSIC 5KG MRP ₹1255 OUR PRICE ₹949
KITCHEN CHAMPION BASMATI RICE 5kg 10kg UPTO 40% OFF ON MRP
DAAWAT rozana rice GOLD 5KG MRP ₹600 OUR PRICE ₹399
BISLERI WATER BOTTLE 24*250ml MRP ₹144 OUR PRICE ₹120
BISLERI LIMONATA 600ml BUY 1 GET 1 FREE
GLUCOVITA 1KG BUY 1 GET 2 FREE
FORTUNE REFINED SOYABEAN OIL 1LTR MRP ₹173 OUR PRICE ₹152
GO CHEESE SLICE 200gm BUY 1 GET 1 FREE
RAJDHANI SOOJI/MAIDA/DALIYA BUY 2 GET 1 FREE
PREET LITE GHEE 1Ltr. OUR PRICE ₹315
COCACOLA / LIMCA / SPRITE / FANTA 2L OUR PRICE ₹79
LAHORI JEERA 24 BOTTLES MRP ₹240 OUR PRICE ₹185
FRESCA JUICE 1Ltr. BUY 1 GET 3 FREE
FORTUNE KACHI GHANI 1LTR MRP ₹200 OUR PRICE ₹159
MADHUSUDAN DESI GHEE 1 Ltr. OUR PRICE ₹575
PEDIASURE VANILLA FLAVOR 1 KG MRP ₹1785 OUR PRICE ₹1428
AASHIRVAAD ATTA 10 KG MRP ₹485 OUR PRICE ₹439
KAAJU 500G OUR PRICE ₹490
WALLNUT (AKHROT) 250G OUR PRICE ₹365
KISHMISH JUMBO SIZE 1KG OUR PRICE ₹350
TATA TEA PREMIUM 1KG MRP ₹540 OUR PRICE ₹379
SATMOLA NAMKEEN ALL VARIANTS BUY 1 GET 1 FREE
SPESH SHARBAT 750 ML 30% OFF ON MRP
MAGGI TOMATO KETCHUP WITHOUT OFFER 970G MRP ₹165 OUR PRICE ₹99
WE ARE SELLING NON POLISH PULSES ONLY
MOONG CHILKA 1KG OUR PRICE ₹125
RAJMA CHITRA 1KG OUR PRICE ₹135
MALKA MASOOR 1KG OUR PRICE ₹89
MALKA KALI DAAL 1KG OUR PRICE ₹90
KALA CHANA 1KG OUR PRICE ₹77
MAMY POCO PANTS selected variants 30% OFF ON MRP
SCOTCH BRITE CLEANING PRODUCTS UPTO 10% OFF ON MRP
TIDE DOUBLE POWER JASMINE&ROSE 9KG MRP ₹999 OUR PRICE ₹799
ARIEL MATIC FRONT LOAD 4+2KG+1L MRP ₹1549 ₹250 OFF
ARIEL MATIC FRONT LOAD LIQUID 3LTR 33% OFF ON MRP
ARIEL COMPLETE DETERGENT 4KG BUY 1 GET 1 FREE
KHADI SOAP 100% HANDMADE SOAP BUY 1 GET 1 FREE
k'triq HAND WASH DETERGENT FLOOR CLEANER DISHWASH SELECTED VARIANTS BUY 1 GET 1 FREE
SURF EXCEL EASY WASH 7KG MRP ₹1030 OUR PRICE ₹699
VADILAL ICE CREAM UPTO 50% OFF ON MRP
ORION CHOCO-PIE 25X10GM BUY 1 GET 1 FREE
RED BULL ENGRY DRINK 250ML MRP ₹125 OUR PRICE ₹95
UNDERGARMENTS MEN & WOMEN SALE!
Dollar DISCOUNT 30%
JOCKEY DISCOUNT 20%
BODYCARE DISCOUNT 20%
DIXCY SCOTT DISCOUNT 30%
LUX cozi DISCOUNT 30%
VAN HEUSEN DISCOUNT 20%
MACROMAN DISCOUNT 30%
U.S. POLO ASSN. DISCOUNT 20%
MACHO UNDERWEAR DISCOUNT 30%
Rohtak Address: Elenta Tower, Near D2M Hotel, New Bus Stand Road, Rohtak. Contact: +91-8199999480
Bahadurgarh Address: Ammarta Arcade Mall, Opposite Metro Pillar No. 816, Bahadurgarh. Contact: +91-9992296899
Jhajjar Address: Elenta Mart, W9 Shop No. 771, Bhagat Singh Chowk, Jhajjar. Contact: +91-8750187531
Sampla Address: Elenta Mart, Old Delhi Road, Opposite Beri Mod, Sampla. Contact: +91-8930062800
Gohana Address: Elenta Mart, Old Bus Stand Road, Near Narwal Petrol Pump, Gohana. Contact: +91-7419002626
Dighal Address: Elenta Mart, Sampla Beri Road, Dighal. Contact: +91-7419202127
FOLLOW US ON :
elenta_mart
elenta mart
TERMS & CONDITION :
*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST* STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME *ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET *PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHER BESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS. *All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.